सुपौल पुलिस

दिनांक–21.03.2026

प्रेस विज्ञप्ति

- ईद पर्व–2026 के अवसर पर पुलिस मुख्यालय द्वारा सुपौल जिले में विधि–व्यवस्था ड्यिूटी हेतु बि0वि0स0पु0–12 में प्रशिक्षणरत महिला सिपाही आवंटित किये गये थे।
- उक्त आवंटित बल को जिले के सभी थाना में प्रतिनियुक्त किया गया था।
- इसी क्रम में दिनांक–21.03.2026 को संध्या में किशनपुर थानान्तर्गत आवासन स्थल पर एक प्रशिक्षु महिला सिपाही द्वारा फाँसी लगा लेने की सूचना प्राप्त हुई है।
- सूचना पाते ही थानाध्यक्ष, किशनपुर, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सुपौल एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी किशनपुर तत्काल घटनास्थल पर पहुॅचने पर पाया गया कि बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद था, जिसे पुलिसकर्मियों द्वारा तोड़कर बाहर निकाला गया तथा वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए प्रशिक्षु महिला सिपाही को सदर अस्पताल, सुपौल ले जाया गया।
- सदर अस्पताल सुपौल में चिकित्सकों द्वारा जाँचोपरान्त इन्हें मृत घोषित किया गया।
- घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पदाधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है।
- प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।
- पुलिस सभी बिन्दुओं पर जाँच कर रही है।
- मृत प्रशिक्षु सिपाही के परिजनों को तत्काल सूचित किया गया है, वे आ चुके है।
- इस घटना के घटनास्थल को सुरक्षित एवं संरक्षित किया गया है तथा FSL टीम के सहयोग से साक्ष्य संग्रह किया जा रहा है।
- शव का पोस्टमार्टम कराये जाने की प्रक्रिया की जा रही है।
- अन्य सभी आवश्यक विधि–सम्मत कार्रवाई की जा रही है।